Central Council for Research in Ayurveda Sciences (CCRAS)

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्

Ayurveda Gyan Naipunya Initiative (AGNI)

आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य उपक्रम

CCRAS-AGNI (सीसीआरएएस- एजीएनआई)

सीसीआरएएस- एजीएनआई पर रुचि की अभिव्यक्ति का आह्वान

आयुष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस), एक शीर्ष अनुसंधान संगठन है जो आयुर्वेद में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान के उपक्रम, समन्वय, निर्माण, विकास और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

हाल ही में, सीसीआरएएस ने आयुर्वेद कॉलेजों और अस्पतालों के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, स्नातक विद्वानों के लिए आयुर्वेद रिसर्च केन स्टूडेंटशिप प्रोग्राम (स्पार्क), पीजी विद्वानों के लिए पीजी स्कॉलर्स हेतु आयुर्वेद अनुसंधान में प्रशिक्षण योजना (पीजी-स्टार) और शिक्षकों के लिए शिक्षण प्रोफेशनल में आयुर्वेद अनुसंधान को मुख्यधारा में लाने की गुंजाइश (स्मार्ट कार्यक्रम) को शुरू किया है।

इसे जारी रखते हुए, वैज्ञानिक सत्यापन के माध्यम से व्यावहारिक आयुर्वेद पद्धतियों को मुख्यधारा में लाने और आयुर्वेद चिकित्सकों के बीच साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन हेतु अनुसंधान करने के लिए, सीसीआरएएस की एक पहल "**सीसीआरएएस आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य उपक्रम - सीसीआरएएस- एजीएनआई**" के माध्यम से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर रहा है।

इच्छुक योग्य आयुर्वेद चिकित्सक सीसीआरएएस वेबसाइट **http://ccras.nic.in/** पर उपलब्ध प्रारूप में रुचि की अभिव्यक्ति भेज सकते हैं। **निर्धारित प्रारूप में रुचि की अभिव्यक्ति (भाग 1) जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है।**